प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार — दिनांक 27.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' की शुरुआत की।

2– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आरक्षक संवर्ग के करीब छह हजार पदों पर प्रदेश में जारी भर्ती प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है।

3– राज्य में जल्द इको रेस्टोरेशन पॉलिसी लागू की जाएगी।

4– बीजापुर जिले में पुलिस ने चार माओवादियों को किया गिरफ्तार।

.....................................................................

'बाल विवाह मुक्त भारत'

केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' की शुरुआत की। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने एक सौ तीस जिलों की पहचान की है, जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है, बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल दस और पंद्रह दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है।

होल्ड *आज हमने एक शपथ भी लिया है। बाल विवाह मुक्ख्त भारत के लिए, तो इस लक्ष्य को हासिल करना हम सबकी जिम्मेवारी, जवाबदेही है, तो इसके लिए, ये महज एक कार्यक्रम बनके न रह जाए बल्कि इस कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने जिम्मा भी हम सब पर है।*

इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। यह पोर्टल बाल विवाह को रोकने और इस तरह की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने के लिए विकसित किया गया है।

.....................................................................

हाईकोर्ट–आरक्षक भर्ती प्रक्रिया

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आरक्षक संवर्ग के करीब छह हजार पदों पर प्रदेश में जारी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। इस मामले में दायर एक याचिका पर आज न्यायाधीश राकेश मोहन पांडेय की बेंच में सुनवाई हुई। याचिका में भर्ती प्रक्रिया में पुलिस और सैन्यकर्मियों की संतानों को मिलने वाली छूट को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना आम नागरिकों के साथ भेदभाव है। याचिकाकर्ता के वकील की ओर से पेश दलीलों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने आरक्षक संवर्ग के अलग–अलग पदों पर होने वाली भर्तियों पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि बीते दस दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

भर्ती प्रक्रिया में रोक लगाने के हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद पुलिस विभाग ने फिलहाल आगामी आदेश तक के लिए भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी है। भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू होने की जानकारी बाद में दी जाएगी।

.....................................................................

इको रेस्टोरेशन पॉलिसी

राज्य में जल्द इको रेस्टोरेशन पॉलिसी लागू की जाएगी। वन विभाग द्वारा इसका ड्रॉफ्ट तैयार कर लिया गया है। केरल के बाद छत्तीसगढ़, देश का दूसरा राज्य होगा, जहां इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी लागू होगी। इस पॉलिसी के लागू होने से राज्य में वनों का संवर्धन, जल स्त्रोतों का संरक्षण और मिट्टी का कटाव रोकने के साथ ही जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी वन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने नवा रायपुर में 'क्लाइमेट रेसिलिएंट छत्तीसगढ़ हरित और सशक्त भविष्य की ओर' विषय पर आयोजित कार्यशाला में दी। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट

के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और पूर्वी राज्यों में जलवायु अनुकूलता और लो कार्बन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करना और विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करना था।

..................................................................

शहरी आजीविका मिशन—कार्यवृद्धि

नगरीय प्रशासन विभाग ने केन्द्र प्रवर्तित दीनदयाल अंत्योदय योजना— राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में तीन महीनों की कार्यवृद्धि की है। इससे मिशन की गतिविधियों को इकतीस दिसंबर तक संचालित किया जा सकेगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण को परिपत्र जारी कर दिया है। परिपत्र जारी होने के बाद राज्य मिशन प्रबंधन इकाई में कार्यरत महिलाओं ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से आज रायपुर में मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में कार्यवृद्धि से प्रदेश के एक सौ सत्तर नगरीय निकायों में कार्यरत सिटी मिशन प्रबंधकों, सामुदायिक संगठकों, स्व—सहायता समूहों, सीआरपी की महिलाओं और राज्य कार्यालय में कार्यरत राज्य मिशन प्रबंधकों को दिसम्बर महीने तक मानदेय का भुगतान किया जा सकेगा।

..................................................................

बिजली—एमओयू

छत्तीसगढ़ राज्य बिजली उत्पादन कंपनी और एन.टी.पी.सी. की सहायक कंपनी मेसर्स एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ है। इस एमओयू के अनुसार ये दोनों कंपनियां मिलकर एक संयुक्त उपक्रम कंपनी बनाएंगी, जिसके माध्यम से राज्य में लगभग दो हजार मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास का काम करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस समझौते को छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत बताया है। इस समझौते से राज्य में हरित ऊर्जा स्त्रोतों से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन

होगा, जिससे विद्युत आवश्यकताओं के साथ ही राज्य के समग्र विकास और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने में सहयोग मिलेगा।

.....................................................................

सशस्त्र झंडा दिवस–राशि

सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में राज्यपाल रमेन डेका ने आज संचालनालय सैनिक कल्याण बोर्ड को दो लाख रूपए की राशि प्रदान की है। उन्होंने आम जनता से भी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए अधिक से अधिक राशि देने की अपील की है।

इस दौरान राज्यपाल ने पिछले दिनों माओवादी हिंसा में घायल हुए कांकेर जिले के दो जवानों – खिलेश्वर गावड़े और हिरामन यादव के बेहतर इलाज के लिए पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की है।

.....................................................................

माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर जिले में पुलिस ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत भैरमगढ़ थाना क्षेत्र से जिला पुलिस बल की टीम पोंदुम की ओर सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान पुलिस ने पोदुंम के जंगल में घेराबंदी कर चार माओवादियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार सहित अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

.....................................................................

आर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम के तहत दंतेवाड़ा जिले के एक सौ दस गांवों को जैविक खेती के लिए प्रमाणित किया गया है। इसी उपलक्ष्य में छह और सात दिसंबर को 'आर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा।

इससे पहले, गीदम में महिला समूहों के लिए ''परम्परागत देसी व्यंजन प्रतियोगिता'' और ''जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में सत्रह स्व–सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया। साथ ही जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में आठ स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत और गोबर खाद के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

....................................................................

गिरीश पंकज–साहित्यकार सूची

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार गिरीश पंकज को राही संस्थान द्वारा देश के सौ बड़े साहित्यकारों की सूची में दसवें स्थान पर शामिल किया गया है।साहित्यकार गिरीश पंकज पिछले चालीस वर्षों में सौ से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं और इसके लिए उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए साहित्यकार गिरीश पंकज को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

....................................................................

बाघ–रेस्क्यू

बलौदाबाजार जिले में कसडोल के पास कल वन विभाग द्वारा ट्रैक्यूलाइज कर पकड़े गए बाघ को रेडियो कॉलर लगाने के बाद 'गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' में छोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि कसडोल के रिहायशी इलाके में पिछले कुछ दिनों से बाघ विचरण कर रहा था। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने घंटों मशक्कत के बाद कल दोपहर बाघ को ट्रैक्यूलाइज किया। वन विभाग के अनुसार इस बाघ को पिछले नौ महीने से बारनवापारा अभयारण्य में विचरण करते हुए देखा जा रहा था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाघ के सफल रेस्क्यू के लिए वन विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गुरू घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' के रूप में एक नया टाइगर रिजर्व मिल गया है।

.....................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल–

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरा अवदाब बना हुआ है। इस अवदाब के अगले बारह घंटे के दौरान और अधिक प्रबल होकर 'फेंगल' चक्रवात के रूप में बनने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस चक्रवात के असर से प्रदेश के दक्षिणी भाग में हल्के बादल छाए हुए हैं और न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि, दक्षिण छत्तीसगढ के कुछ जिलों में उनतीस नवंबर से बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में उनतीस नवम्बर से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

.....................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र द्वारा नवा रायपुर में कल अट्ठाईस नवंबर को "सतत् आवास और कृषि क्षेत्रों में राज्य जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना के क्रियान्वयन" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

– राज्य शासन ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के शेष निर्माण कार्यों के लिए एक सौ नौ करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं। इस राशि से अस्पताल भवन, ऑडिटोरियम और गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के नये विभागीय पोर्टल का शुभारंभ किया।

– राज्य शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने सहायक संचालक सहित दस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बलरामपुर जिले के ओकरा–पथलपारा में पदस्थ पटवारी पवन पांडेय को नामांतरण के नाम पर बारह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– जांजगीर में पुलिस लाइन के पास सैर पर निकली तीन महिलाओं को एक चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य महिलाएं घायल हो गई हैं।

– दुर्ग–मेजर कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस आज परिवर्तित मार्ग दुर्ग–गोंदिया–नागपुर–इटारसी–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी होते हुए ऊधमपुर पहुंचेगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>